तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 2 अप्रैल 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 जीवन साथी तलाशने विवाह योग्य युवक-युवतियों ने दिया परिचय



11 विधानसभा के बाद लोकसभा के चलते नियमितीकरण के सैकड़ों ...



## खबर संक्षेप

### जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए तनु का चयन



**साजा।** शासकीय प्राथमिक शाला भरदालोधी से तनु ठाकुर का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। 10 जनवरी 2024 को हुई परीक्षा में शासकीय प्राथमिक शाला भरदालोधी से तनु ठाकुर का जवाहर नवोदय विद्यालय बहेरा बेमेतरा के लिए चयन हुआ है। उसके चयन पर संस्था प्रमुख बलदाऊ साहू, माध्यमिक शाला से हीरा लाल वर्मा, नरेश बघेल, राजू सेन,चुरावन सिंह बघेल, संकुल समन्वयक मनी राम श्रीवास, संकुल प्राचार्य भुखन राम साहू ने बच्चे को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

### फांसी लगाकर युवक ने दी जान

**अंडा।** अंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जंजगिरी में एक युवक ने रविवार रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजनों के उठने पर उन्हें इसका पता चला और तत्काल पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक का नाम लिलेश्वर साहू पिता सुखदेव साहू 27 वर्ष था। मृतक ने रविवार की रात्रि को अपने पुराने घर में जाकर रस्सी के सहारे फांसी लगाई है। सोमवार को सुबह जब उसकी मां ने रूम अंदर जाकर देखा तो मृतक वहां नहीं मिला। इसके बाद पुराने घर में जाकर देखा तो वह फांसी पर लटका हुआ था। मौके पर पहुंची अंडा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है, वहीं पीएम पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया है।

### कर्मा जयंती 5 को

**बालोद/सिकोसा।** भाठागांव बी में 5 अप्रैल को भक्त माता कर्मा जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में लोक प्रयाग राजिम का कार्यक्रम होगा।

### चिचबोड़ में 5 को मां कर्मा जयंती

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम चिचबोड़ में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी साहू समाज द्वारा भक्त कर्मा माता जयंती समारोह 5 अप्रैल शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा। सुबह 10:30 बजे से कलश एवं शोभा यात्रा, दोपहर 12 बजे से हवन-पूजन, शाम 5 बजे से अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन कार्यक्रम होगा। जिसमें मुख्य अतिथि जनपद सदस्य एवं अध्यक्ष ग्राम साहू संघ तेजराम साहू, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति चिचबोड ढालसिंह साहू, सरपंच, ग्राम पंचायत चिचबोड हीराधर मेश्राम, पूर्व सरपंच लालजी साहू, पूर्व अध्यक्ष ग्राम साहू संघ तुलसीराम साहू उपस्थित रहेंगे। वहीं रात्रि 8 बजे से विविध कार्यक्रम रखा गया है, उक्त जानकारी श्याम लाल देवांगन ने दी।

### फागुनदाह में बिजली की समस्या गहराई

**गुरूर।** ग्राम फागुनदाह में गर्मी के बीच आए दिन बिजली गुल होने के कारण ग्रामीण परेशान नजर आ रहे हैं। गांव में घंटों देर तक बिजली गुल रहने के कारण गर्मी से लोगों का हाल बेहाल रहता है। वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि, शिकायत करने के बाद भी समस्या दूर नहीं हो रही है।

### वेल्डिंग दुकान में चोरी

**भिलाई।** गोपाल फेब्रिकेशन में वेल्डिंग का कार्य होता है। जिसके संचालक अभय प्रसाद जोन-3 खुर्सीपार निवासी है। अपने दुकान को बंद कर शाम को यूपी गोरखपुर अपने गांव चले गए थे। वापस खुर्सीपार निवास लौटने के बाद दुकान पहुंचे। जहां अज्ञात चोर ने वेल्डिंग दुकान का सीमेंट सीट को तोड़कर लोहे के एंगल पट्टी को तोड़कर फरार हो गए।

जिसकी कीमत 1200 रुपए आंकी गई है। शिकायत पर खुर्सीपार पुलिस ने जांच में जुटी है।

## निर्वाचन प्रक्रिया की निगरानी के लिए गठित टीमों सहित फ्लाइंग स्क्वायड सक्रिय

# लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन मुस्तैद जगह-जगह की जा रही वाहनों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



ज़िले में लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से हो इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा पूरी तरह सतर्कता बरती जा रही है। संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के लिए गठित टीमों सहित फ्लाइंग स्क्वायड टीम (एफएसटी) को पहले से और एक्टिव की गई है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के वाहन में लगी पट्टिका निकालने कहा जा रहा है। संदिग्ध वाहनों की जाँच की जा रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी शस्त्रधारियों के शस्त्रों को संबंधित थाने में जमा किये जा चुके हैं। इसके साथ ही जिला प्रशासन और पुलिस कंट्रोल रूम स्थापित हैं, जो 24 घंटे चालू हैं।

कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने गठित टीमों से की जा रही कार्रवाई/गतिविधियों के फ़ोटो ग्रूप में शेयर करने कहा है, जो संबंधित दलों द्वारा किया जा रहा है। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतदाता जागरूकता के संदेशों के प्रचार-प्रसार के लिए जिला स्तर पर संचालित अधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाए। मतदाता जागरूकता से संबंधित प्रेरक नारों को शासकीय कार्यालयों की दीवारों पर खाली स्थानों में सुंदर लिखावट में प्रदर्शित किया जाए।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने किए जा रहे विविध प्रयास

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी, स्टेट आईकन के संदेशों का रिकार्डेड मेसेज (ऑडियो-विडियो) का प्रसारण स्थानीय सिनेमाघरों, स्थानीय केबल टीवी, सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों द्वारा प्रचारित किया जा रहा है। साथ ही ग्रामीण इलाकों एवं हाट बाजारों में कोटवार के माध्यम से निर्वाचन से संबंधित विभिन्न सूचनाएं यथा मतदान तिथि, मतदान समयावधि तथा मतदान केन्द्र पर मतदाताओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं का मुनादी के माध्यम से प्रचार कराया जा रहा है।

# थैले में रखी थी मार्कशीट अज्ञात ने किया पार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ बस में सवार थी महिला

दुर्ग से बेमेतरा आ रही सवारी बस में एक महिला के मार्कशीट व जरूरी दस्तावेजों से भरा थैला अज्ञात व्यक्ति ने पार कर दिया। घबराई महिला ने आसपास तलाश किया और थक-हाकर कोतवाली थाना पहुंचकर मामले की जानकारी दी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रार्थीया इंद्राणी साहू अपने मायके देवरबीजा से बेमेतरा आने के लिए बस में सवार हुई। बस में अत्यधिक भीड़ का फायदा उठाते हुए किसी अज्ञात ने महिला का थैला पार कर दिया। थैले में कक्षा 1 से लेकर डीएड-बीएड तक के सभी अंकसूची, प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र सहित अन्य जरुरी दस्तावेज रखा हुआ था। प्रार्थीया ने कोतवाली थाना में आवेदन देकर मामले की जानकारी दी है। प्रार्थीया के अनुसार बेमेतरा पहुंचने के पूर्व ही किसी अज्ञात ने उसका थैला पार कर दिया था। बेमेतरा पहुंचने पर उसने अपना थैला देखा तो वह गायब हो चुका था। प्रार्थीया ने अपील करते हुए कहा कि जिस किसी को उक्त थैला मिलता है तो उसे कोतवाली बेमेतरा में अथवा मोबाइल नम्बर 6265735078 में संपर्क कर दे सकता है।जानकारी देने वाले व्यक्ति को उचित इनाम भी प्रदान किया जाएगा।

# महिला हिंसा के प्रति किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



स्वतंत्र भारत में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा देश के लिए सर्वोपरि है। इसी मुद्दे को ध्यान में रखते हुए विकास खंड साजा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घिवरी के परिसर में सभी ग्राम स्वास्थ्य समिति की मितानिन दीदीयों, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घिवरी के प्रधान पाठक, शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थीगण, रसोइयों और ग्रामवासी महिलाओं के द्वारा महिला हिंसा रोको अभियान के अंतर्गत जोरदार नारे लगाए गए।

इस अभियान के अंतर्गत महिलाओं पर हो रहे विभिन्न प्रकार की हिंसा चाहे वह शारीरिक हो या मानसिक प्रताड़ना के बारे में बच्चों ने जाना। इससे पहले भी बच्चों ने महिला हिंसा के वीडियो द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रताड़नाओं को देखा व समझा है। इस अभियान में बच्चों ने जाना कि महिला हिंसा में अत्याचार करने वाला जितना दोषी है, उससे अधिक दोषी अत्याचार को अपनी किस्मत मानकर चुपचाप सहने वाली महिलाएं अधिक दोषी है। महिला हिंसा के विरोध में नारे लगाते हुए सभी ने एक स्वर में कहा कि अत्याचारियों को जेल की हवा खानी पड़ सकती है व महिला सशक्तिकरण संबंधित जानकारियों से सभी को अवगत कराया गया। हिंसात्मक रवैया अपनाने वालों को इसके दुष्परिणाम भी भुगतने पड़ सकते हैं। साथ ही महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने की अपील की गई। इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घिवरी के प्रधान पाठक पंचराम साहू, शिक्षक मनोज कुमार कश्यप, लोकेश्वर दास मानिकपुरी, उषा पाटकर, अनल सिंह राजपूत, पुष्पा सिन्हा मितानिन दीदियों में मंजूलता राजपूत, रानी पाटकर, विद्या दुबे, सीमा दुबे, गिरजा पटेल, मोहनी सेन, जमुना राजपूत, दशोदा यादव, रामबाई लोधी, ग्रामवासी बेनबती रजक आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### परपोड़ी में आज सीएम की आमसभा

**परपोड़ी।** नगर में आज राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आगमन हो रहा है। मुख्यमंत्री के साथ दोनों उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं अरुण साव लोकसभा चुनाव में सांसद विजय बघेल के पक्ष में प्रचार करने आ रहे हैं। इसके साथ ही वे एक विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री सांसद प्रत्याशित विजय बघेल हेलिकॉप्टर से दोपहर 1 बजे लाल राजेन्द्र सिंह खेल मैदान पहुंचेंगे एवं विशाल आमसभा को संबोधित करेंगे। छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकार प्रकाश अवस्थी का सांस्कृतिक कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से शुरु होगा।

■ दोनों डिप्टी सीएम भी होंगे साथ

# सायबर अपराधों से बचाने ग्रामीणों को कर रहे सजग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा




■ पुलिस टीम गांव-गांव पहुंचकर लगा रही चौपाल

सामुदायिक पुलिसिंग अभियान "हमर पुलिस हमर बाजार अभियान जिले के थाना साजा, नवागढ एवं चौकी मारो, देवकर स्टाफ ने ग्राम भरदा, कांपा मारो, नवागढ बस स्टैण्ड, देवकर के हॉट/बाजार/ग्रामों में चौपाल लगाकर ग्रामीण अंचल से आये नागरिकगणों के बीच जागरूकता फैलाई। इस दौरान पुलिस अमला ग्रामवासियों को नशा करने से होने वाली परेशानियों से अवगत कराया। यातायात के नियमो पर जोर देते हुए कहा की यातायात के लिए सड़क संकेत तथा वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने की आवश्यकता जरूरी है। साथ ही पुलिस टीम ने साइबर अपराध, चिटफंड, फर्जीकाल ठगी पर जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी अन्जान व्यक्ति को अपनी निजी जानकारी जैसे बैंक खाता नंबर एटीएम कार्ड नंबर एक्सपायरी डेट सीवीवी नंबर पिन नंबर ओटीपी पासवर्ड इत्यादि की जानकारी न दें। फोन पर बैंक अधिकारी बनकर आपके बैंक खाता के संबंध में जानकारी मांगे तो जानकारी न दें। क्योंकि बैंक द्वारा इस तरह की जानकारी नहीं मांगी जाती। यदि कोई शंका हो तो तुरन्त अपने बैंक से सम्पर्क करें। जरूरी होने पर अपने शिकायत करें। अंत में पुलिस महकमा ने कहा आपकी थोड़ी सी सजगता से कई गंभीर अपराध होने से बच सकता है।

# गातापारा स्कूल में हुआ न्योता भोज



**परपोड़ी।** शासकीय प्राथमिक शाला गातापार, संकुल केंद्र गोड़मर्रा में रिटायर्ड प्रधान पाठक जीआर रात्रे द्वारा बच्चों को न्योता भोज दिया गया। इस अवसर पर बच्चों को खीर, पूरी, चावल, दाल, सब्जी, पापड एवं फल बांटा गया। इस आयोजन में एसएमसी सदस्य गणेश राम, संतराम, श्यामलाल, जितेन्द्र, सुखरूराम, देवराज सिंह, हर्ष कुमार, संकुल समन्वयक आरके पाल, संकुल प्रभारी अजय वर्मा एवं स्टाफ अशोक दूबे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती रामदुलारी जायसवाल, संस्था के प्रधान पाठक लवकेश सिंह राजपूत, श्रीमती प्रतिमा भांडेकर, श्रीमती कमलेश्वरी साहू, कैलाश कुमार आदि उपस्थित थे।

# मजदूर के बेटे ने प्रावीण्य परीक्षा की पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



तहसील मुख्यालय से महज सात किमी दूर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला साजन के एक छात्र अंशु ध्रुवे पिता भागीरथी ध्रुवे का राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में चयन हुआ है।

यह परीक्षा राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा कक्षा आठवी में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाती है। इस परीक्षा में चयनित बच्चों को कक्षा नवमीं से बारहवीं तक प्रतिमाह 1000 रुपये छात्रवृत्ति दी जाएगी। अंशु ध्रुवे एक परिवार से ताल्लुक रखने वाले विद्यार्थी है। इनके पिता जी भागीरथी ध्रुवे रायपुर समीपस्थ कुम्हारी में मजदूरी का कामकाज करते हैं। जिससे उनके परिवार का पालन-पोषण होता है। अंशु ध्रुवे की इस सफलता से उसके पिता जी की आंखों से खुशी की आंसू छलकने लगे।

विद्यालय के छात्र का चयन होने पर संस्था प्रमुख कृष्ण कुमार वर्मा, संकुल समन्वयक बलवंत कचलामे, शिक्षक मुकेश राजपूत , हरप्रसाद तिवारी, मोमिता विश्वास, मुकेश वैष्णव एवं संतोष पटेल ने हर्ष व्यक्त करते हुए एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# राजनीतिक विज्ञापन देने से पूर्व प्रमाणीकरण जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ प्रमाणीकरण हेतु जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी गठित

भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दौरान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, टी.वी. चैनल्स, केबल नेटवर्क एवं रेडियो चैनल पर राजनीतिक विज्ञापन देने के पूर्व अनिवार्य रूप से प्रमाणीकरण कराए जाने का निर्देश दिया है।

इन निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करने के लिए लिखित आदेश जारी किया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि राजनीतिक दलों व निर्वाचन अभ्यर्थियों को विज्ञापनों का प्रमाणीकरण कराने के लिये निर्धारित प्रपत्र में प्रचार-प्रसार सामग्री की सॉफ्ट कॉपी मेन स्क्रिप्ट के साथ तीन दिन पहले प्रस्तुत करनी होगी।

अपंजीकृत राजनीतिक दल को सात दिन पहले प्रस्तुत करनी होगी।आयोग के इस निर्देश का उल्लंघन होने पर संबंधित राजनीतिक दल अथवा उम्मीदवार के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। राजनीतिक विज्ञापनों के संवीक्षा व प्रसारण का प्रमाणीकरण प्रमाण-पत्र जारी करने के लिये जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) का गठन किया गया है।

निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त विज्ञापन की विषयवस्तु एवं मेन स्क्रिप्ट का भलीभांति परीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जायेगा कि इसके प्रसारण से किसी भी व्यक्ति, धर्म, संप्रदाय, जाति या वर्ग विशेष के खिलाफ भड़काऊ भाषा का उपयोग तो नहीं किया गया है।

साथ ही यह भी देखा जाएगा कि विज्ञापन के प्रसारण से आचार संहिता का उल्लंघन तो नहीं हो रहा है। विज्ञापन की विषयवस्तु व स्क्रिप्ट सही पाए जाने पर निर्धारित प्रपत्र-ब में प्रमाणीकरण जारी किया जायेगा।

## बेहतर पुलिसिंग कर अपराध पर अंकुश लगाने मातहतों को दिया निर्देश

# एसपी ने बिरनपुर-साजा थाना का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर थाना साजा, परपोडी एवं पुलिस सहायता केन्द्र बिरनपुर का निरीक्षण किया है। इस दौरान सभी अधिकारियों व जवानों को मजबूत सूचना तंत्र विकसित कर बेहतर पुलिसिंग करने, उपस्थित अधिकारी/ कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाए जाने के साथ कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखने कहा गया। सभी अधिकारियों व जवानों को आमजन/ महिला आगंतुक / रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी रिपोर्ट को गंभीरतापूर्वक लेते हुये तत्काल उचित कार्यवाही करने तथा चोरियों एवं अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु रात्रि में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त सुदृढ करने, गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त के दौरान हाटल, लाज, ढाबा, एटीएम, बैक, बस स्टैण्ड, प्रतिक्षालय एवं संदिग्ध व्यक्तियो कि चेकिंग करने, अधिकारियों व जवानों को रात में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त कर गली – मोहल्लों एवं चप्पे-चप्पे पर अपनी पैनी नजर रखने, साथ ही आसपास के ग्रामीण इलाकों में गस्त को बढ़ाने व लगातार रात में गस्त, पेट्रोलिंग, काम्बिग गस्त करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। तथा लंबित संमंस, लंबित वारंट व ऑपरेशन ईगल अभियान चलाकर स्थायी वारंट की तामिली किये जाने तथा अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक एवं माइनर एक्ट की कार्यवाही करने, थाना प्रभारी को अवैध कारोबारियों, अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा, नशीली दवा एवं अन्य अवैध कार्यो में लिप्त लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।

इसके अलावा श्री साहू ने त्रिनयन एप के माध्यम से जिले के लिए विकसित सीसीटीवी कैमरा का डेटाबेस तेजी हो इस पर ध्यान केंद्रित करने का ताकि अपराध सुलझाने के लिए पुलिस सशक्त बन सके और सायबर अपराध पर नियंत्रण के लिए रेंज तथा जिलों में सायबर प्रहरी का प्रचार-प्रसार कर व्हाट्सएप ग्रुप बीट वाईस बनाया गया है उसमें अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर जन जागरूकता अभियान चलाया जाने निर्देशित किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी साजा उप निरीक्षक राजकुमार साहू, थाना परपोडी प्रभारी उप निरीक्षक ओमकार साहू, पुलिस सहायता केन्द्र बिरनपुर स्टाफ एवं अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

# बस्तर में मतदान से पहले होगी बड़ी सभा, मोदी, शाह या फिर नड्डा आएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

## अप्रैल से होगी राष्ट्रीय नेताओं की प्रदेश में लगातार सभाएं



भाजपा ने लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ी रणनीति तैयार की है। इसके तहत जहां यहां पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की लगातार सभाएं हो रही हैं, वहीं अब अप्रैल से राष्ट्रीय नेताओं की लगातार सभाएं कराने की तैयारी है।

पहले चरण में एकमात्र सीट बस्तर में चुनाव होना है। बस्तर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा कराने की तैयारी है। अगर किसी कारणवश उनसे समय नहीं मिल पाया तो फिर केंद्रीय मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह या फिर नितिन गडकरी की सभा कराई जाएगी। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन का छत्तीसगढ़ पर भी बड़ा फोकस है। भाजपा ने यहां की सभी 11 की 11 सीटें जीतने की रणनीति तैयार की है। इसको लेकर प्रचार-प्रसार में भी पूरी ताकत झोंकने की रणनीति बनी है। चुनाव के लिए रणनीति बनाने का जिम्मा इस बार प्रदेश के सह प्रभारी नितिन नवीन पर है। उनको चुनाव का प्रभारी बनाया गया है, क्योंकि यहां पर प्रदेश के प्रभारी ओम माथुर का आना नहीं हो रहा है। राष्ट्रीय संगठन ने उनको दूसरी बड़ी जिम्मेदारी देकर रखी है। श्री नवीन लगातार बैठकें करके रणनीति बना रहे हैं। अभी भी वे यहां पर 4 अप्रैल तक दौरे पर हैं। वे दूसरे चरण के चुनाव के लिए तीन सीटों के प्रत्याशियों की नामांकन रैली में शामिल होंगे।

### बस्तर में मोदी की सभा प्राथमिकता

प्रदेश भाजपा के नेताओं का कहना है कि बस्तर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा पहली प्राथमिकता है। उनकी इस सभा में बस्तर संभाग के साथ ही रायपुर और दुर्ग संभाग के प्रत्याशियों को भी सभा में बुलाने की तैयारी है। भाजपा की रणनीति है कि कम से कम प्रधानमंत्री की दो सभाएं हो जाएं तो इसमें सभी 11 प्रत्याशियों को मंच मिल जाएगा। वैसे तो प्रधानमंत्री कार्यालय को तीन सभाओं का प्रस्ताव गया है। एक सभा बस्तर में और दूसरी सभा बिलासपुर या सरगुजा संभाग और एक रायपुर संभाग में कराने की तैयारी है। अगर श्री मोदी का बस्तर में मतदान से पहले समय नहीं मिल सका तो उनके स्थान पर अमित शाह, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह या फिर नितिन गडकरी को बुलाया जाएगा। भाजपा नेताओं का कहना है प्रधानमंत्री की दो सभाएं तो जरूर हो जाएंगी। पिछले लोकसभा चुनाव में उनकी छत्तीसगढ़ में तीन सभाएं हुईं थीं। अगर उनका बस्तर आना नहीं हो सका तो संभव है कि एक ही दिन में यहां पर उनकी दो सभाएं अलग-अलग संभागों में हो जाएं।

## खबर संक्षेप

### रश्मि व मंजू महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त

**भिलाई।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी ठाकुर ने संगठन महामंत्री पवन साय प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं भाजपा जिलाध्यक्ष महेश वर्मा की सहमति से पूर्व पार्षद रश्मि सिंह एवं पूर्व जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा मंजू दुबे को प्रदेश कार्य समिति सदस्य नियुक्त किया। इनकी नियुक्ति को लेकर भिलाई जिला महिला मोर्चा में उत्साह का माहौल रहा। यह जानकारी भिलाई जिला प्रभारी रणजीत सिंह ने दी।

### पियूष को प्रदान की पीएचडी की उपाधि

**भिलाई।** डॉ. संतोष राय इंस्टीट्यूट के पियूष जोशी (इकोनॉमिक्स के फैक्ल्टी) को मैट्स यूनिवर्सिटी द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान किया गया। जोशी को मैट्स यूनिवर्सिटी द्वारा वाणिज्य में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई उनके रिसर्च का टॉपिक रॉक ऑफ भिलाई स्टील प्लांट और इट्स इम्पैक्ट ऑन इकोनोमिक्स ग्रांट, विथ स्पेशल रिफेरेन्स टू दुर्ग डिस्ट्रीक्ट (2008-2018) था। इस से पहले पियूष जोशी ने लॉगेस्ट टीचिंग सेसन में गोल्डन बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी अपना नाम दर्ज करा चुके है। यह निरंतर 10 वर्ष से संस्था से जुड़े है। पियूष जोशी अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरूजनों एवं अपने दोस्तों को देते हैं।

### सामूहिक आदर्श विवाह व कर्मा जयंती में उपमुख्यमंत्री साव होंगे शामिल

**सेलूद।** तहसील साहू संघ पाटन के पदाधिकारियों ने शनिवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव से सिविल लाइन रायपुर स्थित निवास में सौजन्य भेंट कर ग्राम पतोरा में 20 एवं 21 अप्रैल 2024 को आयोजित तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव एवं सामूहिक आदर्श विवाह के द्वितीय सत्र आशीर्वाद समारोह में बतौर प्रमुख अतिथि शामिल होने आमंत्रित किया। वहीं उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने समारोह में शामिल होने के लिये अपनी स्वीकृति प्रदान किया। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष दिनेश साहू, लालेश्वर साहू, खेमलाल साहू, धनराज साहू, रामनारायण साहू, किशन हिरवानी, डॉ. गुलाब साहू, हरिशंकर साहू, सरिता साहू, गायत्री साहू, शशिभूषण साहू, गोपेश साहू, डॉ. सुरेश साहू आदि उपस्थित थे।

### सुरक्षा को लेकर फिर निकाला फ्लैग मार्च

**भिलाई।** लोकसभा चुनाव को लेकर दुर्ग पुलिस अलर्ट है। आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों के लिए भी कड़ी चेतावनी जारी की गई है। शनिवार को एसपी जितेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने शहर में फ्लैग मार्च भी निकाला। फ्लैग मार्च पुलिस लाइन से होकर इंदिरा मार्केट, पद्मनाभपुर, पोटिया, केलाबाड़ी समेत आसपास के क्षेत्र से गुजरा। पुलिस ने गुंडा-बदमाशों और असामाजिक तत्वों को माहौल नहीं खराब करने को लेकर कड़ी चेतावनी दी है। फ्लैग मार्च के दौरान एक हजार से अधिक पुलिस बल था। दुर्ग पुलिस ने चुनाव के दौरान कोई भी लॉ एंड ऑर्डर को तोड़ने की कोशिश करने वालो को सबक सिखाने कोई कसर नहीं छोडेगी। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के दौरान ही होली का त्योहार भी पड़ा। होली में हुड़दंगियों और अपराधियों पर लगाम लगाने दुर्ग पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला था। दुर्ग एसपी ने पहले भी दुर्ग सिटी कोतवाली, मोहन नगर थाना, भिलाई नगर, छावनी, खुर्सीपार जैसे क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला था।

### बीएसपी के श्रमिकों को आखिरी तारीख को सेवानिवृत्त करें

**भिलाई।** जिला कांग्रेस कमेटी ने क्षेत्रीय श्रम आयुक्त रायपुर और बीएसपी प्रबंधन से बीएसपी के ठेका श्रमिकों को माह की आखिरी तारीख को रिटायर किए जाने की मांग की है। मजदूरों को बीच में रिटायर किए जाने से उन्हें आर्थिक परेशानी हो रही है। उन्हें पूरे माह के वेतन का लाभ दिया जाए। प्रवक्ता जावेद खान ने बताया कि केंद्र, राज्य सरकार या किसी कंपनी के कर्मचारी को साठ वर्ष पूर्ण होने वाले माह की आखिरी तारीख को ही कर्मचारी और अधिकारी सेवानिवृत्त होते हैं। उन्हें उस पुरे माह का वेतन दिया जाता है।

# भूपेश-ताम्रध्वज 2 को, बीरेश 3 अप्रैल को भरेंगे नामांकन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण को लेकर नामांकन प्रक्रिया जारी है। छत्तीसगढ़ के तीन लोकसभा क्षेत्रों कांकेर, राजनांदगांव और महासमुंद में नामांकन 4 अप्रैल तक भरे जाएंगे। कांग्रेस ने चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। राजनांदगांव से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल 2 अप्रैल को शक्ति प्रदर्शन करते हुए नामांकन दाखिल करेंगे। महासमुंद से कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू भी 2 अप्रैल को ही नामांकन दाखिल करेंगे। कांकेर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर 3 अप्रैल को नामांकन भरेंगे। राजनांदगांव में कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल संसदीय क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों का दौरा कर चुके हैं। दूसरे चरण के लिए अधिसूचना जारी होने के बाद अब वे 2 अप्रैल को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान प्रदेश के कांग्रेस पदाधिकारी और प्रमुख नेता उनके साथ होंगे। नामांकन दाखिल करने के पूर्व राजनांदगांव शहर में कांग्रेस पार्टी शक्ति प्रदर्शन करते हुए बड़ी रैली निकालेगी। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत सहित पीसीसी के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। राजनांदगांव लोकसभा से अब तक एक भी प्रत्याशी ने नामांकन दाखिल नहीं किया है। चुनाव के लिए अभी 2, 3 और 4 अप्रैल को नामांकन फार्म लिया जाना है। अंतिम तीन दिनों में कांग्रेस, भाजपा और अन्य पार्टियों के उम्मीदवार अपना नामांकन दाखिल करेंगे। **ताम्रध्वज महासमुंद में भरेंगे नामांकन** : महासमुंद सीट से कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू संसदीय क्षेत्र का लगातार दौरा कर रहे हैं। वहां के जिला और ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्षों की बैठक लेने के बाद वे 2 अप्रैल को नामांकन दाखिल करेंगे।

# पीड़िता का हालचाल जानने पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री बेहतर इलाज के निर्देश



**रायपुर।** राजधानी के एक निजी अस्पताल में भर्ती अपनी जिंदगी बचाने संघर्ष कर रही बलात्कार पीड़िता का इलाज मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के माध्यम से कराया जाएगा। घटना के दौरान युवती 11 हजार वोल्ट के करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गई थी। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने पीड़िता से मुलाकात की और परिजनों को ढांढस बंधाया। बैकुंठपुर जिले के गनपतपुर ठिहाई पारा के जंगल में युवती करीब पांच माह पहले बलात्कार की शिकार हुई थी। इस दौरान वह हाई वोल्टेज करंट प्रवाहित तार की चपेट में आ गई थी। उसका इलाज राजधानी के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने रविवार को अस्पताल पहुंचकर पीड़िता और उसके परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शासकीय योजना से युवती के उपचार की पहल की और मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के माध्यम से 2 किस्तों में लगभग 22 लाख रुपए स्वीकृत कराए। इस दौरान चिकित्सकों ने स्वास्थ्य मंत्री को बताया कि पीड़िता की हालत में बहुत सुधार आ चुका है। उसका हिमोग्लोबिन 10 ग्राम हो गया है और वह अब बातचीत भी करने लगी है। निजी अस्पताल के डॉक्टर के अनुसार अभी युवती को लगभग एक माह और भर्ती रहना पड़ेगा। इस दौरान उसके कुछ और ऑपरेशन होंगे। सही उपचार नहीं होने के अभाव में संक्रमण पूरे शरीर में फैल चुका था। स्थानीय अधिकारी की पहल पर उसके गृहग्राम से राजधानी लाया गया था। यहां काफी कोशिशों के बाद किसी भी सरकारी अस्पताल में उसे भर्ती नहीं किया जा सका।

## अपना उत्पादन 25 सौ मेगावाट तक, खपत छह हजार मेगावाट से ज्यादा

**मार्च में ही रिकार्ड बिजली खपत**

# छग को सोलर से भी मिल रहा 800 मेगावाट का करंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अपना प्रदेश जिस बिजली से रोशन होता है, उसमें सोलर बिजली का भी एक बड़ा हिस्सा रहता है। प्रदेश में इस समय बिजली की खपत आसमान पर है। मार्च में ही खपत ने नया रिकॉर्ड बना दिया है। छत्तीसगढ़ में बिजली की खपत के मुकाबले में उत्पादन बहुत कम होता है। ऐसे में बिजली की पूर्ति के लिए सेंट्रल सेक्टर का ही सहारा रहता है। यहां से तीन से साढ़े तीन हजार मेगावाट बिजली लेनी पड़ती है।

पॉवर कंपनी जो बिजली रोज लेती है, उसमें करीब 800 मेगावाट बिजली का हिस्सा सोलर से बनने वाली बिजली का भी रहता है। इसमें से करीब दो सौ मेगावाट के आसपास बिजली अपने राज्य की और बाकी दूसरे राज्यों की है। पॉवर कंपनी का वैसे अनुबंध करीब 12 सौ मेगावाट का है, लेकिन पूरी बिजली नहीं मिल पाती है। सोलर वाली बिजली दूसरी बिजली से सस्ती पड़ती है। वैसे बाहर से ली जाने वाली बिजली की औसत दर साढ़े चार रुपए के आसपास ही रहती है। प्रदेश के साथ ही देश में बिजली की खपत लगातार बढ़ती जा रही है। बिजली की खपत को देखते हुए ही केंद्र सरकार लगातार अब सोलर बिजली की तरफ भी रुख कर रही है। सोलर बिजली के उत्पादन को बढ़ावा भी दिया जा रहा है। सामान्य बिजली के मुकाबले सोलर बिजली की लागत बहुत कम होती है। यही वजह है कि इस बिजली को अब बड़े विकल्प के रूप में देखा जा रहा है।



### राजनांदगांव में सौ मेगावाट का संयंत्र

छत्तीसगढ़ में पहली बार राजनांदगांव में इस साल फरवरी में सौ मेगावाट का सोलर संयंत्र बनाया गया है। इसके पहले राज्य में इतना बड़ा संयंत्र नहीं था। पॉवर कंपनी को राज्य में इस संयंत्र को मिलाकर इस समय करीब 272 मेगावाट का सोलर बिजली का अनुबंध है। इसमें से करीब दो सौ मेगावाट के आस-पास बिजली रोज मिलती है। राजनांदगांव से ही रोज 70 मेगावाट के आस-पास बिजली मिल जाती है।

### दूसरे राज्यों से रोज 600 मेगावाट

पॉवर कंपनी का सोलर बिजली को लेकर देश के दूसरे राज्यों से करीब हजार मेगावाट का अनुबंध है। इसमें से रोज करीब 600 मेगावाट तक बिजली मिल जाती है। सोलर से मिलने वाली बिजली भी सेंट्रल सेक्टर से ही आती है। पॉवर कंपनी के अपने संयंत्रों में अपना उत्पादन रोज 25 सौ मेगावाट से ज्यादा नहीं होता है। जहां तक खपत की बात है तो खपत इस समय छह हजार मेगावाट से ज्यादा है। ऐसे में सेंट्रल सेक्टर से ही साढ़े तीन हजार मेगावाट बिजली ली जाती है। इसी बिजली में सोलर वाली बिजली भी शामिल होती है।

### औसत दर साढ़े चार रुपए

पॉवर कंपनी जो बिजली लेती है, उसकी कीमत अलग-अलग रहती है। कहीं से सस्ती बिजली मिलती है तो कहीं से महंगी बिजली। सोलर वाली बिजली तीन से साढ़े रुपए यूनिट रहती है। दूसरी बिजली की कीमत इससे ज्यादा साढ़े चार से पांच रुपए या फिर कई बार इससे भी ज्यादा रहती है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक सभी को मिलाकर औसत बिजली की दर साढ़े चार रुपए यूनिट पड़ती है।

# भूपेश हिंदुत्व का कर रहे अपमान

**रायपुर।** रायपुर। भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव का कहना है, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लगातार सनातन संस्कृति और हिंदुत्व का अपमान करके अपने पिता की राह पर चल रहे हैं। उन्होंने कहा विष्णु को भ्रष्टाचार का भोग लग रहा जैसा बयान देकर श्री बघेल न केवल अपनी राजनीतिक कुंठा का प्रदर्शन कर रहे हैं, अपितु सनातन परंपरा के प्रति अपनी घृणा का शर्मनाक प्रदर्शन भी कर रहे हैं। श्री श्रीवास्तव ने पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के इस बयान की कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा, सनातन संस्कृति और हिंदुत्व के प्रति विषवमन करके श्री बघेल ने करोड़ों जनता की भावनाओं और आस्था को ठेस पहुंचाने का कृत्य किया है।

# चेट्रीचंड्र पर रक्तदान, भंडारा शोभायात्रा का होगा स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



चेट्रीचंड्र पर्व पर सिंधी समाज और सिंधुशक्ति संस्था द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही मानव सेवा और रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर संस्था ने रविवार को एक बैठक हुई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि इस वर्ष भी चेट्रीचंड्र के उपलक्ष्य में 7 अप्रैल को कोटा स्थित ब्लाइंड आश्रम 'प्रेरणा' में बच्चों को उनके जरूरत की चीजें फल, फ्रूट, मिठाई एवं जरूरत की सामग्री वितरित की जाएगी। 8 अप्रैल को राजधानी के सबसे बड़े अस्पताल मेकाहारा में मरीजों को फल-फ्रूट, बिस्किट आदि का वितरण भी किया जाएगा। साथ ही रेलवे स्टेशन पर संस्था द्वारा बुजुर्गों के लिए चार व्हीलचेयर भी दानस्वरूप भेंट की जाएंगी। चेट्रीचंड्र के दिन 10 अप्रैल को सुबह से संस्था द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया है। साथ ही सुबह 9.30 से शाम 5 बजे रक्तदान शिविर लगाया जाएगा, जिसमें लोगों से रक्तदान कराकर उनका सम्मान भी किया जाएगा। साथ में इस रक्त को जरूरतमंद लोगों को पहुंचाया जाएगा।

**मार्च माह में लगे 1 लाख 23 हजार बिल में से 1 लाख 21 हजार बिल हुए पास**

# वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन 5200 करोड़ रुपए के भुगतान की मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन कुल 27 हजार बिल लगाए गए थे, इनमें से 5200 करोड़ रुपए के भुगतान को मंजूरी दी गई। राज्य सरकार के निर्णय के मुताबिक 22 मार्च तक प्रदेश के सभी विभागों के आहरण अधिकारियों की चेकबुक कोषालय अधिकारियों के पास जमा हो गई थी। मार्च माह में प्रदेश के सभी जिला कोषालयों में 1 लाख 22 हजार 989 के बिल वाउचर जमा कराए गए थे। इनमें से 1 लाख 21 हजार 85 बिल वाउचर पास किए गए। निर्माण विभागों के अधिकांश बिल अंतिम समय में लगे, जिनमें कई पास किए गए। वित्त विभाग ने प्रदेश के सभी विभागों, राजस्व मंडल बिलासपुर, सभी संभागीय आयुक्त, सभी कलेक्टरों, सभी कोषालय तथा उपकोषालय अधिकारियों को पहले ही निर्देश जारी किए गए थे। वित्त विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार 22 मार्च को समस्त आहरण अधिकारियों द्वारा चेकबुक कोषालय अधिकारियों के पास जमा करा देने के बाद 31 मार्च तक ऐसे अपरिहार्य प्रकरणों में, जिनमें कतिपय व्ययों को, जो जनहित या प्रशासन हित में अनिवार्य है, स्थानीय जिलाध्यक्ष (कलेक्टर) के समक्ष पूर्ण प्रकरण व विषयवस्तु औचित्य के साथ प्रस्तुत कर भुगतान संबंधी आदेश प्राप्त किया जा सकता है। यह भी कहा गया है कि ऐसे सभी आदेशों की प्रति वित्त विभाग को उपलब्ध कराना अनिवार्य है। **इन पर प्रतिबंध नहीं**

**रायपुर ट्रेजरी में लगे सबसे ज्यादा बिल :** प्रदेश के 68 जिला और उप कोषालय में मार्च महीने में कुल 1 लाख 22 हजार 989 बिल लगाए गए थे। इनमें जिला कोषालय रायपुर में कुल 10 हजार 406 बिल लगे थे, इनमें से 10265 बिल पास किए गए। जिला कोषालय बिलासपुर में कुल 7668 बिल लगे थे, इनमें 7585 बिल पास किए गए। वहीं इंद्रावती भवन कोषालय में 7061 बिल लगे थे, इनमें 6986 बिल पास किए गए। 329 बिल में आपत्ति आई और 1498 बिल वापस किए गए। **इन पर प्रतिबंध नहीं** : वित्त विभाग के अनुसार मुख्यमंत्री, मंत्रियों एवं विधायकों के स्वेच्छानुदान मद से जारी देयकों पर ये प्रतिबंध लागू नहीं होगा। इसके साथ ही राजभवन सचिवालय, विधानसभा सचिवालय, मुख्यमंत्री सचिवालय के अधीन गठित प्रकोष्ठ, प्राधिकरण, मुख्यमंत्री सचिवालय, निवास कार्यालय, हाईकोर्ट एवं अधीनस्थ न्यायालयों से संबंधित देयकों पर भी ये प्रतिबंध लागू नहीं होगा।

### 1 लाख 21 हजार बिल पास

वित्तीय वर्ष 2023-24 के बिल पारित करने के संबंध में भी निर्णय लिया है। विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि वर्ष 2023-24 से संबंधित सभी बिलों, जो 22 मार्च तक कोषालय उपकोषालयों में प्राप्त हुए हैं, उसके बाद वित्त विभाग की अनुमति से 31 मार्च तक ही नवीन एवं कोषालय आपत्ति सहित वापस किए गए बिल कोषालय-उपकोषालय में जमा किए गए। सभी कोषालय अधिकारियों से कहा गया है कि 22 मार्च तक प्राप्त सभी बिलों का निराकरण रविवार 31 मार्च तक किया जाए। निराकरण के बाद अंतिम दिन 1 लाख 21 हजार 85 बिलों को पारित किया गया।

## प्रदेश इंटक कार्यकारिणी की बैठक में वेतन, बोनस आदि वृद्धि को लेकर अनेक प्रस्ताव पारित

# संगठित व असंगठित श्रमिकों के हितों के लिए तेज होगी कानूनी जंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी सहित सार्वजनिक क्षेत्रों के उपक्रमों में स्थाई प्रकृति के काम करने वाले प्रदेश के ठेका मजदूरों के नियमितिकरण और संगठित और असंगठित मजदूरो के वेतन सुविधाओं व पेंशन में बढ़ोत्तरी को लेकर इंटक अब सड़क की लड़ाई के साथ कानूनी लड़ाई भी लड़ेगा। इसके लिए प्रदेश के मजदूरों को एकजुट किया जाएगा।

स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक भिलाई के तत्वाधान मे छत्तीसगढ़ प्रदेश इंटक की 44 वी, कार्यकारिणी की बैठक एसएनजी विद्यापीठ सेक्टर 4 में में हुई अहम बैठक में इस आशय के निर्णय सहित मजदूरों के हित में कई फैसले लिए गए। स्वाग भाषण ठेका श्रमिकयूनियन के अध्यक्ष संजय साहू ने दिया। इंटक के राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश इंटक के अध्यक्ष डां. संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में श्रमिकों के हितों को बचाने के लिए उद्योगों में ठेका प्रथा को सरकार द्वारा बढ़ाने , नियमित कर्मियों की भर्ती नहीं करने, ठेका श्रमिकों को संगठित कर उनको समान काम समान वेतन, दिलाने ,स्थाई प्रकृति के कार्य को लगातार ठेका श्रमिकों से कराने सुको के फैसले पर अमल कराने सहित कई प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में स्थाई प्रकृति में कार्य करने वाले ठेका श्रमिकों नियमित करने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया गया है।




### मनरेगा में मिले 6 सौ मजदूरी, आशा वर्कर्स से भी हो न्याय

इसके अलावा 4 मजदूर विरोधी श्रम कानून को वापस लेने,ईपीएस 95 के तहत न्यूनतम पेंशन को हजार मासिक बढ़ाने, इ महंगाई भत्ते के साथ जोड़ने के साथ सार्वजनिक उपक्रमों के विनिवेश और निजीकरण का विरोध किये जाने का निर्णय लिया गया । मनरेगा में प्रति व्यक्ति साल में 200 दिन का रोजगार व रोज 600 रुपए की मजदूरी निर्धारण व सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं निजी उद्योगों में बोनस की सीलिंग को समाप्त किया जाए एवं लाभ में श्रमिकों को भागीदारी की मांग की गई। उद्योगों में न्यूनतम वेतन बढ़कर 26 हजार प्रति माह निधारित किया जाए। ठेका प्रथा को समाप्त कर वेतन एवं सेवा शर्तों को सम्मान किया जाए। असंगठित क्षेत्र के आशा कार्यकर्ता आंगनवाड़ी , मध्यान भोजन कार्यकर्ता विंग वर्क्स आदि के लिए नई यूनियन का गठन कर संगठित करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

### सीजीआई अधिनियम का विरोध

सभी ट्रेड यूनियनों की एकता, कर्मचारी विरोधी नीति के खिलाफ आंदोलन होगा । छग सरकार द्वारा सीजीआईआर अधिनियम को वापस लेने के निर्णय की निंदा व घोषित श्रमिक न्याय गारंटी एवं महिला न्याय गारंटी का समर्थन किया गया। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का समर्थन करेंगे और राज्य सरकार द्वारा सुरक्षा एवं स्वास्थ्य कानून का कार्य स्थलों पर कड़ाई से पालन, विशेष भर्ती अभियान जल्द राष्ट्रीय अध्यक्ष इंटक डॉक्टर जी संजीव रेड्डी के मार्गदर्शन में 39 महीने का एरियर व कोयला रेलवे बिजली और माइंस में संगठन को और मजबूत किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन आशीष यादव व आभार प्रदर्शन सीपी वर्मा ने किया। विधायक देवेंद्र यादव के प्रतिनिधि राजेंद्र परगनिया व यूनियन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामअवतार अलगमकर, पीयूषकर, एसके बघेल गोपाल नारायण सिंह शिवदयाल कर्ष समीर पांडे आरसी मिश्रा, जयप्रकाश यादव अभय सिंह संजय कुमार साहू, वीबी सिंह, कुसुम द्विवेदी, तपसदत्ता चंद्रशेखर सिंह आरके सिंह जीके चंद्रवंशी, पूरन वर्मा, अध्यक्ष मंगल सिंह अजय यादव डॉक्टर राजपूत एवं कोल माइंस ,मेटल माइंस ,बालको, एनटीपीसी ,मेटल माइंस बचेली, प्रकाशस्पंज आयरन, दीनानाथ सिंह मनोहरलाल आर दिनेश, सुरेश श्याम कुमार गुलाब दास गुरुदेव साहू जसबीर सिंह रिखीराम साहू सुरेश दास कान्हा राम दमन लाल नारायण साहू आदि उपस्थित थे।

# स्कूलों में अवधपुरी के राम के 12 चैप्टर, कॉलेज के विद्यार्थी पढ़ रहे सुंदरकांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अलग खबर

यूं तो राम भारतीय जन मानस के कण-कण में है, लेकिन बात जब शिक्षा और संविधान की हो तो वहां भी उनकी उपस्थिति यह बताती है कि उनके बिना तो कुछ संभव ही नहीं। भारत के संविधान की मूल प्रति में मौलिक अधिकारों से जुड़े अध्याय के आरंभ में एक स्केच है। यह स्केच मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम, माता सीता और भाई लक्ष्मण का है। यही नहीं स्कूली शिक्षा में स्कूली शिक्षा की बात करें तो कक्षा 6वीं की बुक में रामकथा का चेप्टर है तो स्नातक स्तर पर बीए प्रथम वर्ष में रामचरित मानस और पीजी कक्षाओं में सुंदरकाड के साथ रामचरित मानस पढ़ाया जा रहा है। इसके साथ ही हाल ही में तय किया गया है कि भारत के महाकाव्य रामायण और महाभारत एनसीईआरटी के सिलेबस में शामिल होंगे, इन्हें स्कूल के इतिहास के सिलेबस में भारत के क्लासिकल पीरियड की कैटेगरी में रखा जा सकता है। विगत 22 जनवरी माह को अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा हो चुके है। जिसको लेकर पूरा देश अब राममय हो गया है। हर तरफ राम ही राम है। स्कूल से लेकर कॉलेजों तक में भी श्रीराम पर सिलेबस और चैप्टर है। भक्ति आंदोलन के चेप्टर में भगवान राम का उल्लेख है। भगवान राम पर केंद्रित भक्ति आंदोलन के नेता रामानंद थे। वह 14वीं शताब्दी के वैष्णव कवि थे, जिन्होंने रामनंदी सम्प्रदाय की स्थापना की थी। उन्होंने सिखाया कि भगवान राम सर्वोच्च भगवान है।

## संविधान से लेकर स्कूल-कॉलेजों के सिलेबस में भी 'श्रीराम'

### श्रीराम का व्यक्तित्व संवैधानिक मूल्यों के समरूप

भगवान राम का हमारे संविधान से भी खास कनेक्शन है। संवैधानिक मामलों के जानकारों मुताबिक संविधान की मूल प्रति में राम की तस्वीर और उनके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। भारत के संविधान की मूल प्रति में मौलिक अधिकारों से जुड़े अध्याय के आरंभ में एक स्केच है। यह स्केच मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, माता सीता और भाई लक्ष्मण का है।

### कॉलेजों में पढ़ा रहे रामचरित मानस के 7 कांड

उच्च शिक्षा में स्नातक और स्नातक स्तर पर भी श्रीराम के बारे में सिलेबस है। बीए प्रथम वर्ष में प्राचीन हिंदी साहित्य में राम के कई प्रसंग पढ़ाए जा रहे हैं। इसमें गोस्वामी तुलसीदास की श्रीराम चरितमानस, सुंदरकांड के साथ उत्तरकांड कवितावली पढ़ाई जा रही है। प्राचीन मध्यकालीन भारत में रामचरितमानस के 7 कांड पढ़ाए जा रहे हैं। इसमें उत्तर कांड और सुंदर कांड का खास तौर पर सिलेबस है।




### छठवीं में बाल रामकथा सातवीं में काव्य माधुरी

स्कूलों में भगवान श्रीराम का चरित्र विभिन्न कक्षाओं में क्रमवार पढ़ाया जा रहा है। कक्षा छठवीं में बाल रामकथा पढ़ाई जा रही है। इसमें कुल 12 चैप्टर है। इसमें अवधपुरी में राम, जंगल और जनकपुर, दो वरदान, राम का वन-गमन, चित्रकूट में भरत, दंडक वन में दस वर्ष, सोने का हिरण, सीता की खोज, राम और सुग्रीव, लंका में हनुमान, लंका विजय और राम का राज्याभिषेक शामिल है। इसके साथ ही सातवीं में हिंदी पाठ के सोलहवें अध्याय में काव्य माधुरी में रामायण के प्रसंगों का उल्लेख है।

## खबर संक्षेप



### महिला प्रकोष्ठ ने धूमधाम से मनाई रंग पंचमी

**दुर्ग।** जिला निषाद समाज नंदकठ्ठी परिक्षेत्र में शनिवार को ग्राम नंदकठ्ठी के निषाद समाज की महिलाओं एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी द्वारा होली मिलन कार्यक्रम निषाद भवन नंदकठ्ठी में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, विशिष्ट अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री एम आर निषाद एवं प्रदेश निषाद समाज संगठन के सह सचिव गिरधर निषाद, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष विरेन्द्र निषाद, अंकेक्षक मलेश निषाद , सरपंच, जनपद, जिला पंचायत, सांसद प्रतिनिधी होली मिलन समारोह में शामिल हुए। मुख्य अतिथि विधायक कोर्सेवाड़ा ने नंदकठ्ठी परिक्षेत्र महिला प्रकोष्ठ की महिलाओं के लिए पांच सिलाई मशीन देने की बात कही एवं पंद्रह लाख स्वीकृत क्षेत्रीय निषाद भवन निर्माण की स्वीकृति दी। एम आर निषाद ने प्रदेश संगठन जिला संगठन को समाज में मजबूती से काम करने की बात कही।

**समस्या :** विधानसभा चुनाव के बाद से वही स्थिति, बैठक नहीं

# विधानसभा के बाद लोकसभा के चलते नियमितीकरण के सैकड़ों प्रकरण पेंडिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छग अनाधिकृत विकास का नियमितिकरण में पिछले छः माह से कलेक्टर की अध्यक्षता वाले समिति की बैठक आहुत नहीं किए जाने के चलते करीब ढाई हजार से अधिक प्रकरण पेंडिंग है। यही नहीं बड़ी संख्या में नगरी निकायों और अनुविभागीय अधिकारियों के पास प्रकरण पेंडिंग है। नगरी निकायों के अफसरो के द्वारा गंभीरता नहीं दिखाई जाने के कारण करीब ढाई हजार प्रकरण भी निकायों में ही अटके हुए हैं। पहले विधानसभा चुनाव के चलते कलेक्टर की अध्यक्षता वाली अनुमोदन समिति की बैठक नहीं हो पाई वहीं अब लोकसभा चुनाव के चलते फरियादियों को लंबा इंतजार करना पड़ेगा। मिली जानकारी अनुसार राज्य शासन द्वारा अनाधिकृत निर्माण को नियमितिकरण किए जाने के लिए योजना लांच की गई है। बहरहाल इस वित्तिय वर्ष समाप्त हो गए है। वर्तमान में लोकसभा चुनाव के चलते आचार संहिता लगा हुआ है। जिसके चलते सैकड़ो प्रकरणों की सुनवाई संभव नहीं हो पाएगी।

ऐसे में हजारों प्रकरण पहले ही विधानसभा चुनाव के कारण पेडिंग है, बही अगर समय पर पर बैठक नहीं बुलाई गई तो लोकसभा चुनाव के चलते एक बार फिर फरियादियों को प्रशासनिक गलियारों में ही धूक की घुट पीकर लौटनी पड़ जाएगी। बहरहाल 2510 प्रकरण इसलिए आगे नहीं बढ़ रहे है, क्योंकि विगत सितंबर माह में बैठक होने के बाद दुबारा बैठक आयोजित नहीं की गई है।

## चुनाव के चक्कर में नियमितीकरण के सैकड़ों प्रकरण रह गए पेंडिंग

**खास बातें**

- हर माह होनी थी बैठक, सितंबर के बाद से बैठक नहीं
- नियमितीकरण को लेकर निकायों के अफसर भी बरत रहे लापरवाही
- फरियादियों को आचार संहिता लगने का दे रहे हवाला



### 2430 प्रकरण निकायों से नहीं मिले

जानकारी अनुसार नगरनिगम दुर्ग, भिलाई, रिसाली, चरोदा और नगर पालिका परिषद अमलेश्वर, नगर पंचायत पाटन, नगर पालिका परिषद कुम्हारी और तीनों अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, धमधा और पाटन में 11700 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इसमें 9070 प्रकरण टाउन प्लानिंग विभाग को अनुमोदन के लिए मिले है। वही कारीब 2430 प्रकरण निकायों से प्राप्त नहीं हुए हैं। करीब 5623 प्रकरण निराकृत हो चुके हैं। वही आगामी बैठक के लिए 2510 प्रकरण पेडिंग है।

### चालीस करोड़ रुपए अधिरोपित

अनाधिकृत विकास के नियमितिरण के लिए इस वित्तिय वर्ष नगरनिगमों द्वारा कई बार शिविर का आयोजन भी किया गया। लेकिन लोग अंतिम वित्तिय वर्ष में भी रुचि दिखाए है। जानकारी अनुसार निकायो द्वारा चालीस करोड 18 लाख 58 हजार 703 रुपए विभिन्न प्रकरणों में राशि अधिरोपित किए गए है।

### योजना को लेकर संशय

कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने के बाद नियमितीकरण की योजना लॉन्च की गई थी। लेकिन वर्तमान में राज्य में भाजपा की सरकार है, वहीं वित्तीय वर्ष भी समाप्त हो चुका है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि, नई सरकार इस योजना को बंद कर सकती है या आगे बढ़ाएगी। बरहाल 31 मार्च को वित्तीय वर्ष समाप्त हो चुका है आज से नए वित्तीय वर्ष शुरू होगा।

### केशरवानी वैश्य सेवा समिति के आनंद गुप्ता अध्यक्ष निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ी केशरवानी वैश्य सेवा समिति दुर्ग भिलाई (पंजीयन क्रमांक 1232) के चुनाव में आनंद गुप्ता अध्यक्ष निर्वाचित हुए है। इसी प्रकार उपाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, महीप गुप्ता, सचिव विमल गुप्ता, सुनील गुप्ता, कोषाध्यक्ष स्वयंप्रकाश गुप्ता चुने गए है। महिला सभा अध्यक्ष श्रीमती सुषमा महीप गुप्ता, सचिव श्रीमती अन्नपूर्णा स्वयंप्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष श्रीमती सीमा विमल गुप्ता, उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता सुनील केशरवानी, श्रीमती कविता शंभू केशरवानी, सांस्कृतिक मंत्री श्रीमती स्वीटी संजीव केशरवानी, श्रीमती श्रीमती संगीता बांके बिहारी गुप्ता, संगठन मंत्री श्रीमती संजुला बसंत गुप्ता बनाए गए है। विशेष सलाहकार श्रीमती सुमित्रा भानुप्रकाश केशरवानी, संरक्षक श्रीमती सुरेखा सूर्यकांत गुप्ता, श्रीमती पद्मिनी मुकेश गुप्ता चुने गए है। कार्यकारिणी सदस्य के रुप में श्रीमती मीना राजीव केशरवानी, श्रीमती दीक्षा प्रफुल्ल केसरवानी को शामिल किया गया है। यह निर्वाचन छत्तीसगढ़ी केशरवानी वैश्य सेवा समिति दुर्ग भिलाई के पूर्व अध्यक्ष सूर्यकांत गुप्ता के सहयोग से संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी महीप गुप्ता और पर्यवेक्षक स्वयंप्रकाश गुप्ता रहे। समाज की महिला सभा का गठन प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सारिका आनंद गुप्ता व प्रदेश संगठन मंत्री श्रीमती मंजू नवीन गुप्ता के मार्गदर्शन पर किया गया। महिला समिति द्वारा सामाजिक कार्यों हेतु स्व सहायता समूह का भी गठन किया गया है। रंग पंचमी का पर्व तहसीलदार दुर्ग प्रफुल्ल गुप्ता के आतिथ्य में मनाया गया। कार्यक्रम में होली गीत, संगीत व नृत्य आकर्षण का केन्द्र रहे। इस अवसर पर डॉ. एसपी केशरवानी,नवीन गुप्ता,शंकरलाल केशरवानी, मुकेश गुप्ता, सूर्यकान्त गुप्ता,आनंद गुप्ता,विमल गुप्ता,महीप गुप्ता, स्वयंप्रकाश गुप्ता, सुनील गुप्ता, राजकुमार केशरवानी के अलावा समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।



# बगैर टिकट यात्रियों से टीटीई ऑनलाइन वसूलेंगे जुर्माना, स्टेशन पर डिजिटल भुगतान की सुविधा जल्द

## नए वित्तीय वर्ष से देशभर में रेलवे कर रहा बदलाव, यात्रियों को मिलेगी नई सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

नया वित्त वर्ष आज से शुरू होने जा रहा है। रेलवे यात्रियों के लिए ऑनलाइन पेमेंट को बढ़ावा देने क्यूआर कोड स्कैनिंग की सुविधा ला रही है। अब रेलयात्री क्यूआर कोड स्कैन करके भी पेमेंट कर सकेंगे।

ट्रेन में बिना टिकट सफर वाले यात्रियों को ध्यान में रखते हुए जुर्माने की रकम भी अब ऑनलाइन ही जमा की जा सकती है। रेलवे स्टाफ के पास हैंड हेल्ड टर्मिनल मशीन की सुविधा रहेगी। जुर्माना लगने की स्थिति में इस डिवाइस से क्यूआर कोड स्कैन कर यात्री ऑनलाइन जुर्माना भर सकेंगे। कई बार यात्रियों के पास नकद पैसे नहीं होते। ऐसे में ऑनलाइन सिस्टम लागू होने से यात्री और टीटीई दोनों को सहूलियत होगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में जल्द ही ये सिस्टम लागू किया जाएगा।

उत्तर और पश्चिम रेलवे में आज से यह सुविधा लागू हो जाएगी। रेलवे नए वित्त वर्ष में डिजिटल भुगतान को विशेष रूप से बढ़ावा दे रहा है। रायपुर और बिलासपुर में इसकी शुरुआत हो चुकी है।



### बिलासपुर के बाद अब रायपुर में सुविधा

बिलासपुर रेलमंडल के टिकट काउंटरों पर ऑनलाइन भुगतान की सुविधा शुरू हो चुकी है। अब रायपुर में भी इसे लागू किया जाएगा। कमर्शियल विभाग तैयारी कर रहा है। विभाग ने सभी आरक्षण केंद्र प्रभारियों को इस संदर्भ में तैयारी और इसमें आने वाली समस्याओं की समीक्षा करने कहा है। रेलवे के जनरल टिकट काउंटर पर हर दिन लंबी कतार लगना आम बात है। कई बार यात्री के पास फुटकर पैसे नहीं होते और टिकट काउंटर पर तैनात कर्मचारी द्वारा ज्यादा पैसे लेने की शिकायतें भी सामने आती रहती हैं। ट्रेन छूटने के डर से यात्री इसका विरोध भी नहीं करतो। यही हालत आरक्षण केंद्र में होती है। रायपुर रेलमंडल में ही 20 से ज्यादा आरक्षण केंद्र हैं तो वहीं जनरल के काउंटर की संख्या भी इससे ज्यादा है। यहां पर 24 घंटे में करोड़ों रुपए कैश आते हैं, जिसे एकत्र करने, गिनने और फिर उसे बैंक तक पहुंचाने में ही कई कर्मचारी लगते हैं।

### चिल्हर की समस्या होगी दूर

इस सुविधा का लाभ लेने के लिए यात्री को काउंटर पर जाकर जिस जगह के लिए जनरल टिकट चाहिए, वह बताना होगा। एक्सप्रेस व सुपरफास्ट ट्रेन की जानकारी भी देनी होगी। इसके बाद काउंटर पर बैठा कर्मचारी सिस्टम में दिए प्रारूप को भरकर टिकट बनाएगा। पेमेंट के विकल्प में जाकर क्यू का बटन दबाना होगा। जब यह प्रक्रिया हो जाएगी, उसके बाद यात्री को क्यूआर कोड स्कैन कर भुगतान करना होगा। भुगतान के बाद जैसे ही यात्री मोबाइल पर भुगतान दिखाएगा, रेलकर्मी प्रिंट का बटन दबा देंगे। भुगतान की जानकारी ऑटोमेटिक सिस्टम में आ जाएगी। यदि भुगतान नहीं हुआ, तब टिकट का प्रिंट नहीं निकलेगा।

## खबर संक्षेप



### होजमालो कार्यक्रम 6 को मुख्यमंत्री को दिया न्योता

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा 6 अप्रैल को होजमालो कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम शनिवार को राजधानी के एक निजी होटल में होगा। इसमें अहमदाबाद गुजरात से लय अंतानी साथ में मुंबई से बॉलीवुड बैंड के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि रविवार को मुख्यमंत्री विष्णदेव साय से मिलकर कार्यक्रम में शामिल होने आमंत्रित किया और महतारी वंदन योजना का पोस्टर विमोचित किया। इस मौके पर पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी ने कहा कि सिंधी काउंसिल महिला विंग का आयोजन 6 अप्रैल को है और इसमें मोदी की गारंटी वाली सरकार ने आते ही महतारी वंदन योजना की पहली किस्त दे दी। इस अवसर पर महिला विंग महामंत्री राशि बलवानी ने कहा, 6 अप्रैल को होजमालो रॉकिंग तंबोला का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, इसमें लकी ड्रॉ, बेस्ट ड्रेस के साथ आकर्षक उपहार रखे गए हैं। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ, महिला विंग राशि बलवानी, जूही दरयानी, लक्ष्मण बजाज, हेमा जेठानी एवं अन्य उपस्थित थे।

### ग्राम देवादा में हुआ झेरिया धोबी समाज का वार्षिक अधिवेशन एवं परिचय सम्मेलन

# जीवन साथी तलाशने विवाह योग्य युवक-युवतियों ने दिया परिचय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

झेरिया धोबी समाज बेमेतरा का वार्षिक अधिवेशन एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 31 मार्च को ग्राम देवादा में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत संत गाडगे जी महाराज की पूजा-अर्चना के साथ की गई। कार्यक्रम में समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों ने मंच पर आकर अपना परिचय दिया। इसके साथ ही समाज की प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से विवाह योग्य युवक-युवती ढूंढने में होने वाला फिजूल खर्च से मुक्ति होती है। इसलिए आज समाज के लिए युवक-युवती परिचय सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन सराहनीय है। उन्होंने कहा धोबी समाज शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रहा है, जो विकास के लिए बहुत आवश्यक है। उन्होंने पुस्तकीय ज्ञान के अलावा आध्यात्मिक शिक्षा भी ग्रहण करने को कहा, क्योंकि संस्कारों से ही व्यक्ति का सम्मान होता है। विधायक साहू ने कहा कि जिस तरीके से धोबी समाज के लोग मृत्यु भोज पर रोक लगाने, दहेज नहीं लेने और नहीं देने, नशा मुक्ति अभियान, समाज को सशक्त व जागरूक बनाने, प्रतिभा विकास कार्यक्रम एवं रोजगार उन्मुखता अभियान शुरू करने की जोर देते हुए जो निर्णय लेते हैं, यह बहुत ही सराहनीय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता शशिप्रकाश निर्मलकर ने की। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज निर्मलकर, द्रौपती पुरूषोत्तम साहू, भोजेन्द्र निर्मलकर, डॉ रामकुमार निर्मलकर, अनिल रजक, राजेंद्र निर्मलकर, मेघनाथ निर्मलकर, पोषण निर्मलकर, हरिराम निर्मलकर, तारकेश्वर रजक, शिवकुमार निर्मलकर उपस्थित थे।

**समाज के पहले जिलाध्यक्ष बने अनिल:** सम्मेलन के दौरान जिला पदाधिकारी का निर्वाचन लोकतांत्रिक तरीके से मतदान के माध्यम से किया गया। जिला अध्यक्ष, महासचिव एवं कोषाध्यक्ष के लिए दो-दो प्रत्याशी मैदान में थे। वहीं, जिला अध्यक्ष प्रत्याशी अनिल रजक बेमेतरा ने अपनी निकटतम प्रत्याशी अगराहित निर्मलकर ठेलका खपरी को 8 वोटों से हराकर बेमेतरा जिला धोबी समाज के प्रथम लोकतांत्रिक चुनाव के प्रथम जिला अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वहीं, महासचिव के लिए राजेंद्र निर्मलकर शाहजहां ने भी अपने निकटतम प्रतिबंध को 14 वोटों से हराकर जीत हासिल की। इसी तरह ठाकुर राम निर्मलकर देवरबीजा अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 5 वोटों से हराकर कोषाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। निर्वाचन के बाद जिले से आए राज एवं परिक्षेत्र पदाधिकारी एवं सामाजिक लोगों ने गुलाल लगाकर एवं फूल माला पहनकर जीत की बधाई दी



### 98 प्रतिशत हुआ मतदान

जिला पदाधिकारी के निर्वाचन के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी पी पी बलभद्र, सह चुनाव अधिकारी राजेंद्र निर्मलकर एवं जिला चुनाव प्रभारी नरेंद्र निर्मलकर तखतपुर एवं नंदकिशोर निर्मलकर कवर्धा थे। वहीं, चारों ब्लॉक के लिए दो दो मतदान केंद्र बनाए गए थे जिसमें ब्लॉक निर्वाचन अधिकारी हृदय राम निर्मलकर, नेमी राम रजक, योगेश निर्मलकर एवं अवध राम रजक थे। कुल 86 वोट मतदान हुआ जो 97.72 प्रतिशत रहा। तीनों निर्वाचित जिला पदाधिकारी को मंच में तत्काल शपथ ग्रहण मुख्य चुनाव अधिकारी, समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने कराया गया।

# सिंधी समाज के अध्यक्ष चुने गए लालू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्थानीय सिंधी समाज के अध्यक्ष का चुनाव सर्व सम्मति से हुआ। जिसमें लालू मोटवानी को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर समाज के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश शीतलानी व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

अध्यक्ष नियुक्त होने पर समाज के लोगों ने लालू मोटवानी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के लिए समाज के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि जिस उम्मीद और विश्वास के साथ सिंधी समाज ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। उस पर शत प्रतिशत खरा उतरने का पूरा प्रयास में करेंगे। इस दौरान बृजलाल मंगवानी, प्रकाश सुखवानी, अनिल मखीजा सुरेंद्र मोटवानी, मेघराज राजपाल, विमल लखानी लालु संतवाणी, प्रकाश शीतलानी, संजय हिरानी मोतीराम बंटी दयानी विजयखेलनी पुरुषोत्तम महाराज रवि मोटवानी, अनिल माखीजा, सनी मोटवानी, दीपक मेघवानी, चंदू शीतलानी, जैकी दयानी, दीपक खियलानी, जस्सू तेजवानी, नारायण छाबड़ा, मनीष चंदवानी समेत समाज के लोग उपस्थित थे।

### राजधानी में निगम के 2100 बोरवेल, 800 पॉवर पंप और रोजाना जांच हो रही सिर्फ 25 सैंपल की

**रायपुर।** नगर निगम के शहर में 2100 बोरवेल और 800 पॉवर पंप के पानी के नमूने जांचने फिल्टर प्लांट के 2 लैब कम पड़ रहे हैं। एक दिन में 20 से 25 सैंपल की जांच की व्यवस्था होने और जांच रिपोर्ट आने में 72 घंटे लगने की समय अवधि ने निगम प्रशासन को चिंता में डाल दिया है। यही हाल रहा तो गर्मी के सीजन में शहर के सारे बोरवेल और पॉवर पंपों के पानी सैंपल की जांच होनी मुश्किल है। इससे आम जनता की सेहत दांव पर लगी है। पेशोपश में फंसा निगम प्रशासन आनन-फानन में भाठागांव स्थित फिल्टर प्लांट में निर्मित नए प्लांट के लैब को सोमवार से शुरू करने की तैयारी में है, जहां एक दिन में 5 से 10 पानी सैंपल की अतिरिक्त जांच की जा सकेगी।

### खरोरा पहुंचे विकास उपाध्याय, ली बैठक



**रायपुर।** रायपुर लोकसभा के प्रत्याशी विकास उपाध्याय रविवार को खरोरा ब्लॉक के ग्राम केचला पहुंचे। जहां ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, जोन कमेटी, सेक्टर कमेटी, बूथ कमेटी के कार्यकर्ताओं के साथ ही बड़ी संख्या में महिलाओं की बैठक हुई, जिसमें उन्होंने कांग्रेस पार्टी द्वारा महालक्ष्मी गारंटी योजना के तहत प्रत्येक परिवार की महिलाओं को 8,333 रुपए प्रतिमाह यानी सालाना एक लाख रुपए दिए जाने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही खरोरा के समस्त 98 मतदान केंद्रों, 13 सेक्टर और 4 जोन से आए हुए सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ में बैठक ली। इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष उधोराम वर्मा, पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा, जोन अध्यक्ष मुकेश आदि मौजूद रहे।

# तीसरी बार बनाएंगे मोदी को प्रधानमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के महासम्मेलन में वक्ताओं ने दोहराया

स्व. अटल बिहारी बाजपेयी सभागृह मेडिकल कॉलेज में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के महासम्मेलन में शिक्षा मंत्री व रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, आज मैं धरती के भगवानों से जीत का आशीर्वाद लेने आया हूं। मैं जानता हूं कि एक डॉक्टर फोन करके पांच हजार को भाजपा को वोट डालने के लिए तैयार कर सकता है। 23 साल से रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से भाजपा ने रिकॉर्ड मतों से जीतने का इतिहास बनाया है। अब लोकसभा चुनाव में रिकार्ड मतों से जीतने का इतिहास भी आप लोगों के सहयोग से बनाने जा रहे हैं। श्री अग्रवाल ने कहा, यह संभव होगा भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी पर जनता के विश्वास से। रायपुर लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए अब मात्र 33 दिन ही बचे हैं और इन दिनों में हमें देश के साथ ही छत्तीसगढ़ को विकसित, विकासशील बनाने, नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लेकर काम करना होगा। श्री अग्रवाल ने रायपुर लोकसभा अंतर्गत विभिन्न स्थानों से आए डॉक्टरों से कहा, आप अपने अस्पताल में बैठे-बैठे अपने मरीजों और दोस्तों, परिचितों को बताएं कि हम भाजपा को क्यों वोट दें? मोबाइल के जरिए सोशल मीडिया पर यह काम कर सकते हैं। हर दिन 100 लोगों को फोन कर आसानी से एक डॉक्टर 5000 लोगों की मानसिकता को बदल सकता है। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के विचार और कार्ययोजना से लोग प्रभावित होकर जुड़ते जा रहे हैं।

### विश्व कल्याण का चुनाव

स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा, 2024 का चुनाव विश्व कल्याण का चुनाव है। पूर्व विधायक व भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक विमल चोपड़ा ने कहा, लोकसभा चुनाव परीक्षा है। इस परीक्षा में परिणाम के साथ विशेष अंक अर्थात 400 जीतकर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगे। इस मौके पर उन्होंने चिकित्सकों की मांगों से संबंधित मांगपत्र भी स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को सौंपा।

### जवाहर खन्ना ने संभाला अध्यक्ष का कार्यभार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जवाहर खन्ना ने रविवार को पंजाब केसरी भवन जोरा में विधिवत अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया। ज्ञातव्य हो कि विगत 10 मार्च को संस्था के द्वि-वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष श्री खन्ना चुने गए थे। निवृत्तमान अध्यक्ष सुनील डोगर ने परंपरानुसार अध्यक्ष की कुर्सी पर उन्हें बिठाया। श्री खन्ना ने राजीव विग को महासचिव और नीरज सेठी को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया। उपस्थित समाजजनों ने श्री खन्ना को पुष्पवर्षा कर शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में निवृत्तमान अध्यक्ष सुनील डोगर, युवा मंडल अध्यक्ष विकास विग, महिला मंडल अध्यक्ष अनिता किंगर, रेणु गुप्ता, मीनू चंगा एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डिप्टी सीएम शर्मा बोले- विनाश का रास्ता छोड़कर विकास के रास्ते पर आएं नक्सली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ आईईडी ब्लास्ट में घायल युवक को देखने पहुंचे अस्पताल



डिप्टी सीएम एवं गृहमंत्री विजय शर्मा का कहना है, नक्सली जिस रास्ते पर चल रहे हैं, वह विनाश का रास्ता है। नक्सली विनाश का रास्ता छोड़कर विकास के रास्ते पर आएं। इस रास्ते पर प्रदेश सरकार भी उनका सहयोग करेगी। नक्सलियों को विकास के लिए अपनी भूमिका तय करनी चाहिए। यह भूमिका हिंसा का रास्ता छोडकर ही संभव है। डिप्टी सीएम राजधानी रायपुर के एक अस्पताल में आईईडी ब्लास्ट में घायल युवक गुड्डू मेकाम को देखने अस्पताल पहुंचे थे।

श्री शर्मा ने कहा, हमने नक्सलियों के आत्मसमर्पण की पॉलिसी बना रखी है, कई आत्मसमर्पण भी हुए हैं। आज वे लोग सुखी जीवन जी रहे हैं। आत्मसमर्पण की प्रक्रिया बहुत तेजी से आगे बढ़ी है। आत्मसमर्पण की प्रक्रिया विश्वसनीय हो, सरल हो, नई जीवन की शुरुआत को प्रेरित करने वाला हो, ऐसा हम और प्रयास कर रहे हैं।

### बेहतर इलाज के दिए निर्देश

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा घायल युवक गुड्डू मेकाम से मिलने राजधानी के निजी अस्पताल पहुंचे और युवक की स्थिति को देखकर भावुक हो गए। उन्होंने घायल के परिजनों से कहा, गुड्डू मेरा भाई है, आप सभी मेरा परिवार हैं, मैं हमेशा आपके साथ खड़ा हूं। गृहमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे युवक का बेहतर-से-बेहतर इलाज कराएंगे। अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों से श्री शर्मा ने मरीज के इलाज की प्रगति की जानकारी ली और उन्हें सजगता से इलाज करने के निर्देश दिए।

### बस्तर के विकास के लिए सरकार संकल्पित

गृहमंत्री श्री शर्मा ने कहा, उनकी सरकार छत्तीसगढ़ राज्य के साथ ही बस्तर के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए भी कृत संकल्पित है। विष्णुदेव सरकार ने नक्सल प्रभावित इलाकों में नियद नेल्लानार योजना शुरू की है। नियद नेल्लानार का मतलब होता है आपका अच्छा गांव। इस योजना के तहत बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा कैंप अब विकास के कैंप के रूप में कार्य कर रहे हैं। कैम्प के 5 किलोमीटर के दायरे में जो गांव हैं, उन्हें विकास से जोड़ा जा रहा है। सुरक्षा कैंपों के माध्यम से गांव वालों तक सुविधाएं पहुंचाने और उन तक सरकार की सभी लाभकारी योजनाओं को पहुंचाया जा रहा हैं। ग्रामीणों के लिए राशन दुकान, आवास निशुल्क बस सेवा, चिकित्सा कैंप लगाकर उनका इलाज करने का काम शुरू हो चुका है।

आवश्यकता है।

हरिभूमि

| पद | पदनाम |
|---|---|
| 04 | डेवलपमेंट सहायक |
| वेतन | 11000/- |


योग्यता - स्नातक, स्वयं का वाहन होना आवश्यक है।
उम्र - 18 से 30 वर्ष
सम्पूर्ण बायोडाटा एवं आधार कार्ड के साथ
युवक/युवती दिनांक 04/04/2024 शाम 5 बजे तक संपर्क करें
अपना बायोडाटा Whatsup करें 8370049468
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर
Gmail:- cir.haribhoomi@gmail.com

# मोदी सरकार की विफलताओं को जनता तक ले जाएं : बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रवक्ताओं की बैठक में कहा, इस चुनाव में हमें दो महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाना है। पहला, मोदी सरकार की 10 वर्ष की विफलता, वादाखिलाफी, दूसरा कांग्रेस ने जनता के हर वर्ग के लिए जो पांच गारंटी दी हैं, उनको हर मंच से हमें जनता के बीच पहुंचाना है।

महंगाई, बेरोजगारी, किसानों से महिलाओं से धोखा इस चुनाव में हमारे बड़े मुद्दे हैं। भाजपा चुनाव में मुद्दों से भटकाएगी, लेकिन हमें जनता के मुद्दों को छोड़ना नहीं है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज एवं सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में दो महत्वपूर्ण बैठकें लीं। पहली बैठक प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ताओं की हुई तथा दूसरी बैठक जिलों के प्रभारी, पदाधिकारियों के साथ हुई। श्री बैज ने कहा, नारी न्याय में हर महिला को सालाना 1 लाख रुपए देने की गारंटी, किसानों को एमएसपी देने कांग्रेस कानून बनाएगी। मनरेगा मजदूरों की मजदूरी कांग्रेस 200 से बढ़ाकर 400 करने की गारंटी देती है। साथ ही कांग्रेस 30 लाख युवाओ को रोजगार की गारंटी देती है तथा कांग्रेस हर जिले में 5000 करोड़ का बजट बनाएगी, जो युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने में मदद करेगा। बैठक में सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने कहा, प्रवक्ता पार्टी का चेहरा होते हैं। हर प्रवक्ता को आक्रामकता से मोदी सरकार की 10 सालों की विफलता को जनता तक पहुंचानी है।



स्वामी जी 93406 18884
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
रामेश्वरम धाम (ज्योतिर्लिंग)
तिरूपति बालाजी,
मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी
यात्रा दिनांक
18 जून 2024
25 जून 2024
09 जुलाई 2024
8 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-12,500/-, 3AC-20,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com

सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री,
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
13 मई से 26 मई 2024, 15 मई से 28 मई 2024
17 मई से 30 मई 2024, 24 मई से 06 जून 2024
29 मई से 11 जून 2024, 01 जून से 14 जून 2024
राशि:-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411